हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, गुरुवार 20 नवंबर 2025

तापमान

अधिकतम 23.0 डिग्री

न्यूनतम 19.0 डिग्री

4 राजस्व प्रकरणों का ऑनलाइन पंजीयन जरुरी, नहीं तो तहसीदार पर कार्रवाई





## खबर संक्षेप

### अज्ञात व्यक्ति का मिला शव, जांच में जुटी पुलिस

**रायगढ़।** शहर के इतवारी बाजार के ऑक्सीजोन गार्ड रूम में एक अज्ञात पुरुष उम्र करीब 50 वर्ष का शव मिलने की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई। कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव का निरीक्षण किया। शव के निरीक्षण पर मृतक के शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं है। पुलिस ने मृतक के वारिसानों का पता लगाने की कोशिश की, लेकिन अभी तक उनका पता नहीं चल पाया है। मृतक के शव को केजीएच के मरच्युरी रूम में रखा गया है। कोतवाली पुलिस द्वारा मृतक के परिजनों के पतासाजी की जा रही है।

### संयुक्त टीम ने किया 951 बोरी अवैध धान जब्त



**रायगढ़।** बुधवार को राजस्व एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने तमनार के ग्राम बिजना में निरीक्षण किया। इस दौरान टीम को माखन गुप्ता पिता भुनेश्वर गुप्ता के घर में बड़ी मात्रा में धान का अवैध भंडारण मिलने की जानकारी मिली। मौके पर की गई विस्तृत जांच में कुल 951 बोरी धान अवैध रूप से धान मिला, जिसे जब्त किया गया। इस दौरान एसडीएम ने कहा कि शासन की धान खरीदी नीति को प्रभावित करने वाली किसी भी तरह की अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अवैध भंडारण और नियम विरुद्ध गतिविधियों पर प्रशासन की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगीए ताकि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पर तुरंत नियंत्रण स्थापित किया जा सके। उन्होंने किसानों और व्यापारियों से अपील की है कि वे शासन की धान खरीदी नीति का पूर्ण पालन करें और अवैध भंडारण जैसी गतिविधियों से दूर रहें। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### जिले में अब तक 5 हजार 845 क्विंटल धान खरीदी



**रायगढ़।** समर्थन मूल्य पर खरीदी के पांचवें दिन तक 30 उपार्जन केंद्रों में 115 पंजीकृत किसानों से कुल 5,845.20 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि जिले में 81 हजार 847 किसान धान विक्रय के लिए पंजीकृत हैं, जिनका रकबा 1 लाख 17 हजार 789.2760 हेक्टेयर दर्ज है। अब तक किसानों द्वारा बेची गई धान की उपज का कुल क्षेत्रफल 114.3496 हेक्टेयर है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन की सुव्यवस्थित तैयारियों, डिजिटल टोकन प्रणाली, प्रभावी निगरानी व्यवस्था और पारदर्शी प्रक्रिया के कारण खरीदी केंद्रों में किसानों का भरोसा और उत्साह बढ़ा है।

---

### 2017 के बाद भर्ती के लिए नहीं मिली अनुमति, कई बार किया जा चुका है पत्र व्यवहार

# कलेक्टोरेट में कर्मचारियों का टोटा, 130 पद हैं खाली
# 2017 में हुई थी भर्ती, अभी चल रहा उधारी में काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कंपोजिट बिल्डिंग के राजस्व विभाग में कर्मचारियों का टोटा ऐसा है कि उधारी से काम चलाना पड़ रहा है। करीब 130 पद अभी खाली है, लेकिन भर्ती की अनुमति नहीं मिल पा रही है। इसमें सबसे ज्यादा सहायक ग्रेड तीन और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की कमी है।

मजे की बात यह है कि एक बार 2017 में कर्मचारियों की भर्ती हुई थी, इसके बाद से परमिशन ही नहीं मिला है। इस वजह से पद खाली होने के बावजूद भर्ती नहीं हो पा रही है। हालात यह है कि सीमित बाबूओं और सीमित चपरासियों से काम चलाना पड़ रहा है। चतुर्थ ग्रेड कर्मचारियों को तो अन्य विभागों से उधारी में लिया गया है। सबसे ज्यादा शिक्षा विभाग के कर्मचारियों का उपयोग कलेक्टोरेट में किया जा रहा है। बीते 2017 में 90 पदों पर भर्ती की गई थी । इसके लिए कलेक्टोरेट के अधिकारियों ने शासन को 27 बार पत्र लिखा था। इसके बाद भर्ती की परिमशन मिली थी। उस वक्त जो भर्ती की गई थी उसमें वाहन चालक के सात, सहायक ग्रेड तीन के 44 स्टेनो 17 और चपरासी के 22 पद शामिल था। इसमें से कुछ पदों की भर्ती कुछ कारण से नहीं हो पाई थी, तब भी काम आसानी से चल जा रहा था, लेकिन अब धीरे-धीरे पुराने बाबू रिटायर हो रहे हैं। इससे कलेक्टोरेट का राजस्व विभाग खाली होता जा रहा है। अभी 130 पद खाली है। इसमें सहायक ग्रेड तीन के 53 स्टेनो 12, वाहन चालक 11 और चपरासी के 54 शामिल है। इन पदों की भर्ती के लिए शासन से अनुमति का इंतजार किया जा रहा है। कई बार पत्र भी लिखा जा चुका है, लेकिन भर्ती की अनुमति नहीं मिल पा रही है।

**सबसे ज्यादा सहायक ग्रेड तीन और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की है कमी**



#### 2026 तक पुराने बाबूओं का हो जाएगा टोटा

पुराने बाबू एक-एक कर रिटायर हो रहे हैं। जुलाई 2026 के बाद से आधे दर्जन पुराने बाबू रिटायर हो जाएंगे। इसके बाद कंपोजिट बिल्डिंग में पुराने बाबू नजर ही नहीं आएंगे। चतुर्थ ग्रेड कर्मचारियों की कमी को देखते हुए शिक्षा समेत अन्य विभाग से उधारी में लिया गया है। इनके बदौलत कलेक्टोरेट के राजस्व विभाग का काम चल रहा है।

#### ट्राइबल, माइनिंग, आबकारी में खुद के कर्मचारी

कंपोजिट बिल्डिंग में चार-पांच विभाग को छोड़कर बाकी सभी विभागों में राजस्व का के कर्मचारी काम करते हैं। अभी हर विभाग में एक-एक पुराने बाबू कार्यरत हैं। यदि वे रिटायर्ड होते हैं तो वहां काम प्रभावित होगा। अभी भी काफी काम प्रभावित हो रहा है। ट्राइबल, माइनिंग, आबकारी, सहकारिता और श्रम विभाग में खुद के कर्मचारी होते हैं। इसके अलावा बाकी विभागों में राजस्व के कर्मचारी ही काम करते हैं। जिले के सात ब्लॉक और दस तहसीलों में राजस्व विभाग के कर्मचारी काम करते हैं। रिटायर होने की वजह से तहसीलों में भी कमी है।

---

### प्रभारी सचिव हिमशिखर ने दिया अस्पताल में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा का निर्देश

**सारंगढ़।** श्रम आयुक्त और सचिव श्रम, गृह जेल विभाग तथा सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के प्रभारी सचिव आईएएस हिमशिखर गुप्ता ने बुधवार को सुबह 10.30 बजे कनकबीरा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे, एसपी आंजनेय वार्ष्णेय, सीएमएचओ डॉ. एफआर निराला, एसडीएम वर्षा बंसल बीएमओ रामलाल सिदार, डीपीएम नंदलाल इजारदार सहित डॉक्टरगण एवं अन्य अधिकारीगण एउपस्थित थे। प्रभारी सचिव हिमशिखर गुप्ता ने वनांचल के इस अस्पताल में पंजीयन केन्द्र, ड्रेसिंग, टीकाकरण, ओपीडी, आईपीडी, लैब, प्रसुता कक्ष, औषधीय गार्डन का अवलोकन किया। उन्होंने अस्पताल के डॉक्टर से इलाज के लिए आने वाले मरीजों की संख्या, भर्ती मरीजों की संख्या, टीकाकरण, निःशुल्क दवा वितरण, योजनाओं का लाभ, मरीजों से व्यवहार आदि के संबंध मे जानकारी लेकर मरीजो से फीडबैक लिया।

---

# युवक ने की पत्थर से कुचलकर बुजुर्ग और उसकी बेटी की हत्या

## पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पड़ोसी युवक ने घर में घुसकर बुजुर्ग और उसकी पत्नी के साथ उसकी बेटी पर पत्थर से हमला कर दिया। युवक के हमले से बुजुर्ग और उसकी बेटी की मौत हो गई । वहीं बुजुर्ग की पत्नी गंभीर रुप से घायल हो गई। सूचना मिली तो खरसिया पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। घटना में प्रयुक्त पत्थर और पहने हुए कपड़े जब्त कर लिया है।

जानकारी के अनुसार खरसिया थाना क्षेत्र के ग्राम खैरपाली में बीते 18 नवंबर को दो लोगों की हत्या करने की सूचना पुलिस को दी गई। जानकारी के अनुसार ग्राम खैरपाली निवासी रत्थूराम पटेल 70 के घर उसके पड़ोसी भीखम पटेल 25 ने घुसकर हमला किया। जिसमें



रत्थूराम और उनकी बेटी खीरबाई 45 की पत्थर से कुचलकर हत्या कर दी। जबकि उनकी पत्नी फोटो बाई 80 गंभीर रूप से घायल हो गईं। मृतक के पुत्र रमेश पटेल 40 ने बताया पुलिस को बताया कि आरोपी रायपुर में काम करता था और कुछ दिनों से गांव में अपने नाना के यहां रह रहा था। उसने कई बार गुस्से में पड़ोसियों से झगड़ा विवाद किया था। मंगलवार की शाम करीब साढ़े 4 बजे उसने अचानक हमला कर दिया। शिकायत के आधार पर खरसिया पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 103(1), 117(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर तत्काल हिरासत में लिया। घटना में प्रयुक्त सीमेंट का पत्थर तथा आरोपी के पहने हुए कपड़े शर्ट और जींस जब्त कर लिया गया है। मामला दर्ज करने और आवश्यक औपचारिकताओं के बाद आरोपी भीखम पटेल पिता गेंदराम पटेल निवासी खैरपाली को आज न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

---

# सड़क हादसाः मृतकों के परिजन को एक करोड़ मुआवजा

## घरघोड़ा न्यायालय का फैसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा

मोटर दुर्घटनाओं में बढ़ते मामलों के बीच मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण एमएसीटी घरघोड़ा न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण और राहत देने वाला फैसला सुनाया है। इस निर्णय में अधिकरण ने सड़क दुर्घटना में मृत हुए व्यक्ति के परिजनों को 1 करोड़ से अधिक का मुआवजा प्रदान करने का आदेश दिया है। यह निर्णय अधिवक्ता सुनील ठाकुर और सत्यजीत शर्मा की तथ्यपरक पैरवी का परिणाम माना जा रहा है। सभी तथ्यों को सुनने और दस्तावेज़ों की जांच करने के बाद मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण घरघोड़ा ने माना कि मृतक की आय, परिजनों की निर्भरता, भविष्य की संभावनाएँ, मानसिक पीड़ा और आर्थिक हानि को देखते हुए परिवार को एक करोड़ दो लाख मुआवजा दिया जाना उचित है।

घटना में घायल मृतका की पत्नी को तेरह लाख की मुआवजा अलग से और देने का आदेश पारित किया गया है। न्यायालय के इस निर्णय ने दुर्घटनाओं में लापरवाही से पीड़ित



परिवारों को उचित मुआवजा देना न्याय की मूल भावना व्यक्त हुआ है। जानकारी के अनुसार मृतक सुभाष पैंकरा चारभाठा निवासी सामान्य दिन की तरह अपने कार्य से परिवार सहित कार से जा रहा था, तभी सामने से आ रही एक तेज रफ्तार वाहन ने लापरवाही से टक्कर मार दी। दुर्घटना इतनी गंभीर थी कि आहत गंभीर रूप से घायल हो गया और इलाज पर मृत्यु हो गई। दुर्घटना के बाद परिवार पर आर्थिक और मानसिक संकट का पहाड़ टूट पड़ा। मृतक परिवार का मुख्य कमाने वाला सदस्य था। उसकी मृत्यु से पत्नी पुत्र और परिवार पर जीविका का संकट खड़ा हो गया।

परिवार ने न्याय की उम्मीद में मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण में आवेदन प्रस्तुत किया। परिवार की ओर से अधिवक्ताओं सुनील ठाकुर और सत्यजीत शर्मा, विनोद पटेल ने दुर्घटना की एफआईआर ,पंचनामा, पोस्टमार्टम रिपोर्ट,मृतक की आय संबंधी दस्तावेज़, उम्र, आश्रितों की स्थिति, और भविष्य की संभावित आय जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेज़ अदालत में प्रस्तुत किए। अधिवक्ताओं ने यह स्थापित किया कि दुर्घटना पूर्णतः वाहन चालक की लापरवाही से हुई थी और मृतक परिवार का आधार स्तंभ था। उन्होंने अदालत के समक्ष सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के महत्वपूर्ण निर्णयों का उल्लेख करते हुए उच्चतम मुआवजा देने की मांग की।

---

# आधार कार्ड में सुधार कराने पोस्ट ऑफिस में सुबह से लग रही लंबी कतारें, सर्वर से हो रही दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

आधार कार्ड में गलत नाम, पता, सरनेम त्रृटि सुधार कराने पोस्ट ऑफिस में सुबह से ही लोगो को लंबी लाइन लगानी पड़ रही है। यहां ज्यादा भीड़ होने के कारण दिनभर हंगामा और विवाद की स्थिती बन रही है। वहीं पोस्ट ऑफिस के सामने ज्यादा जगह ना होने के कारण वहां आने वाले लोग अपनी गाडियों को बेतरतीब ढ़ंग से सड़क पर खड़ी कर देते हैं। जिसके कारण यहां भी जाम की स्थिति निर्मित हो रही है।

**खास बात**

- एसआईआर, पीएम आवास फॉर्म जमा करने के लिए आधार में अपडेशन जरूरी

इस समय जिले भर में एसआईआर का फॉर्म भरा जा रहा है। साथ ही पीएम आवास के लिए भी आवेदन लिए जा रहे हैं। इन फॉर्मों में आधार कार्ड का अपड़ेट होना जरूरी है, जिसके लिए डाकघरों में लोगों की भीड़ काफी ज्यादा देखनें को मिल रही है। भीड़ का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि यहां पोस्ट ऑफिस खुलने से पहले ही लोग लाइन लगा लेते हैं। ड़ाकघर में नया आधार कार्ड बनाने एवं आधार कार्ड में सुधार करवाने के लिए केवल एक ही काउंटर बनाया गया है। जिसके कारण लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं कभी-कभी तो सर्वर की समस्या के कारण पूरा काम ठप्प हो जाता है। लोगो ने बताया कि सर्वर की समस्या के कारण काम इतना धीमा हो जाता है कि सुबह से लाइन में लगने के बाद नंबर आने तक शाम हो जाती है।



#### निर्मित हो रही है विवाद की स्थिति

पोस्ट ऑफिस प्रबंधन को भीड़ को नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त स्टॉफ की नियुक्ति करनी पड़ रही है। इसके बाद भी हर रोज यहां लोगों के बीच विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है। दरअसल जिसका आधार कार्ड बनाना हो या कोई सुधार करना हो, इसके लिए फिंगर लगानें, आंखों को स्कैन कराने, फोटो खिंचाने संबंधित व्यक्ति को खुद आना पड़ता है। इसके कारण बच्चे से लेकर बूढ़ों तक को लाइन में खड़ा होना पड़ता है। पहले मै पहले मैं के चक्कर में विवाद की स्थिती र्निमित हो रही है। दूसरी ओर लोग इस समस्या को देखते हुए अतिरिक्त काउंटर खोलने की मांग करने लगे हैं।

---

# मां के हत्यारे बेटे को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ के षष्ठम अपर सत्र न्यायाधीश अश्वनी कुमार चतुर्वेदी के न्यायालय से महिला के हत्यारे कलयुगी पुत्र को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। अभियोजन के अनुसार 28 फरवरी 2024 को घटना की सूचना मृतका नंदिनी सारथी के रिश्तेदार कृष्णा सारथी ने दी। उसकी बुआ नंदिनी सारथी मृतिका के बेटे विजय के साथ रहती थी।

28 फरवरी की शाम ग्राम बरलिया में नंदिनी सारथी का शव उसके घर के भीतर पड़ा था। जिसके गर्दन के पीछे भाग में गले में किसी अज्ञात आरोपी द्वारा चोट पहुंचाकर मौत के घाट उतारा गया था। चक्रधरनगर थाने में अज्ञात आरोपी पर धारा 302, 201 आईपीसी का अपराध दर्ज किया गया। मामले की प्रारंभिक जांच पुलिस टीम द्वारा किया गया।



विवेचना में पाया गया कि आरोपी विजय सारथी ने उसकी मां की कुल्हाड़ी से संघातिक चोट पहुंचाकर हत्या की गई है। विवेचनाधिकारी द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी कर चालान न्यायालय में पेश किया गया। मामले में अभियोजन की ओर से न्यायालय में 15 गवाहों का कथन कराया गया और 31 महत्पूर्ण दस्तावेज संकलन कर ठोस सबूत बनाए गए। आरोपी विजय सारथी ने न्यायालय में अपने बचाव में काफी प्रयास किया गया किंतु अभियोजन की ओर से प्रस्तुत साक्ष्य अखंडनीय रहे और न्यायाधीश ने पाया कि आरोपी विजय सारथी पिता स्व. प्रेमलाल सारथी 30 वर्ष निवासी ग्राम बलिया थाना चक्रधरनगर द्वारा ही उसकी मां की कुल्हाड़ी से संघातिक चोट पहुंचाकर हत्या की गई है। नंदिनी सारथी की हत्या की अपराध के साक्ष्य मिटाने कुल्हाड़ी में लगे खून को साफ कर कुल्हाड़ी को घर के सामने छिपा दिया था। न्यायालय द्वारा 31 अक्टूबर को फैसला सुनाया गया जिसमें आरोपी को धारा 302 आईपीसी में आजीवन सश्रम कारावास और 100 के अर्थदंड तथा साक्ष्य छिपाने की धारा 201 आईपीसी में 3 वर्ष के सश्रम कारावास और 100 के अर्थदंड से दंडित किया गया है।

---

### पासबुक में एंट्री कराई तो किसान को मिली जानकारी, आज सौपेंगे जांच रिपोर्ट

# किसान के खाते से बैंककर्मी ने उड़ाए 4 लाख, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ

किसान के खाते से चार लाख निकालने वाले बैंक कर्मी के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज होने के साथ ही जांच भी पूरी हो गई है। आज बैंक के जांच अधिकारी इसकी रिपोर्ट कलेक्टर को सौंप देंगे। आम आदमी बैंक में अपनी मेहनत की कमाई इसलिए जमा करता क्योंकि उसने सुरक्षा का पूरा भरोसा होता है। लेकिन बैंककर्मी ही चुपचाप एकाउंट से रकम निकालकर गबन कर ले तो तो भरोसा टूट जाता है। ऐसा ही कुछ अपेक्स बैंक रायगढ़ ब्रांच में हुआ है। अब मुख्यालय और जांचकर्ता अधिकारी दोषी को बचाने के लिए दिनरात एक कर रहे हैं। कंप्यूटर ऑपरेटर का तबादला नोडल कार्यालय कर दिया गया है।

यह मामला अपेक्स बैंक के रायगढ़ ब्रांच रामपुर का है। यहां महेश राम पटेल निवासी




ननसिया का एकाउंट है जिसमें करीब 24.64 लाख रुपए जमा थे। महेश बीमारी के कारण चलने.फिरने में असमर्थ है। उसके पुत्र बृजेश पटेल ने 6 नवंबर को पिता के पासबुक में एंट्री कराने गया तो पता चला कि उसके एकाउंट से चार लाख रुपए निकाले गए हैं। उसके पिता बैंक नहीं आए बृजेश ने भी राशि नहीं निकाली तो फिर रुपए कौन निकाल ले गया। कोई चैकबुक भी जारी नहीं करवाई गई। पूछताछ में पता चला कि बैंक के ही कर्मचारी युगेश पटेल निवासी ननसिया ने दो बार में चार लाख रुपए उसके एकाउंट से निकाले हैं। कोतवाली में युगेश पटेल के खिलाफ धारा 318 (4) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। इस मामले में सीसीटीवी फुटेज देखने पर पता चला कि कंप्यूटर ऑपरेटर बसंत चंद्राकर की भी भूमिका है। ऐसा पहले भी करने की बात सामने आ रही है। जानकारी के अनुसार कंम्प्यूटर ऑपरेटर के आईडी से काम होता है। ऐसे में या तो आईडी का गलत इस्तेमाल किया गया है या फिर मामला कुछ और है यह जांच के बाद ही पता चलेगा।

दरअसल जिन खातों में बड़ी रकम जमा रहती है वहां से रुपए निकालकर कहीं और इन्वेस्ट कर देते हैं। कुछ दिनों बाद राशि मिलने पर इसे जमा कर दिया जाता है। लेकिन इस बार किसान ने स्टेटमेंट निकलवा लिया तो मामला खुल गया। इस मामले की जांच सुनील सोढ़ी को दी गई। श्री सोढ़ी ने बताया कि जांच पूरी हो गई है। आज कलेक्टर को रिपोर्ट सौंप दी जाएगी।

#### पुलिस ने कराई है रकम वापस किसान का ऑडियो वायरल

इस केस में कोतवाली पुलिस की भूमिका बहुत गंभीर है। प्रार्थी किसान का एक कथित ऑडियो वायरल हुआ है जिसमें वह कह रहा है कि उसको थाने से रुपए वापस मिल गए हैं। पुलिस ने पीड़ित किसान और आरोपी के बीच सुलह करवा दी। जबकि मामला कूटरचना का भी है। बैंक एकाउंट से रुपए निकालने के लिए आरोपियों ने आधार कार्ड से छेड़छाड़ की। चैकबुक भी गलत तरीके से निकाली गई, लेकिन अब तक दोषियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई है।



**खबर संक्षेप**

### बिसरा में लगा मछली एवं पशुपालन मेला



**राउरकेला।** बिसरा ब्लॉक कार्यालय परिसर में मछली एवं पशुपालन विकास विभाग की ओर से सोमवार को एक दिवसीय मछली एवं पशुपालन मेला का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिरमित्रपुर विधायक रोहित जोसेफ तिर्की थे, जिन्होंने दीप प्रज्वलित कर मेले का शुभारंभ किया और उपस्थित मछली व पशुपालक किसानों को प्रोत्साहित किया। विधायक तिर्की ने अपने संबोधन में मछली एवं पशुपालन क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों, सरकारी योजनाओं और किसानों के लिए उपलब्ध सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र ग्रामीणों की आजीविका को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मेले में बिसरा ब्लॉक के विभिन्न पंचायतों से बड़ी संख्या में ग्रामीण, मछुआ और पशुपालक पहुंचे। कार्यक्रम में तकनीकी सत्र, प्रायोगिक ज्ञान का आदान प्रदान तथा पशुपालन से संबंधित नवाचारों की प्रदर्शनी ने प्रतिभागियों का विशेष आकर्षण बढ़ाया। इस दौरान ब्लॉक के सफल पशुपालकों को सम्मानित किया गया।

### आरटीओए की नई टीम का शपथ ग्रहण

**राजगांगपुर।** रानीबाध स्थित राजगांगपुर ट्रक मालिक संघ के कार्यालय में सोमवार को नई कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। निर्वाचन अधिकारी उपेंद्र प्रधान ने 9 नवंबर को संपन्न चुनाव में विजयी सभी आठ पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजगांगपुर विधायक डॉ. सीएस राजन एक्का उपस्थित रहे। इसके अलावा राजगांगपुर एसडीपीओ विभूति भूषण भोई, थाना प्रभारी विजय कुमार दासए उपनगरपाल एमडी इरफान तथा वार्ड.14 की पार्षद सुष्मिता तिरु भी कार्यक्रम में शामिल हुए। अतिथियों के स्वागत और परिचय के साथ समारोह की शुरुआत हुई। शपथ ग्रहण करने वालों में अध्यक्ष राकेश नंदाए महासचिव मनोज बंकाए कार्यकारी सचिव शिवनारायण मोहंती, उपाध्यक्ष मो. निसार और तनवीर आलम, सह सचिव चंदन सिंह व अजय कुमार ठाकुर तथा कोषाध्यक्ष मो. हनीफ शामिल रहे। इस अवसर पर कार्यकारिणी एवं संस्थापक सदस्यों का सम्मान भी किया गया।

### ट्रेलर से कुचल ओएसआरटीसी मैनेजर की मौत

**सुंदरगढ़।** सुंदरगढ़ सदर थाना क्षेत्र के फगुआपड़ा के पास एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में ओडिशा राज्य सड़क परिवहन निगम ओएसआरटीसी के सुंदरगढ़ जिला प्रबंधक अमरेश महांती की मौत हो गई। बुधवार की सुबह वे सड़क पार कर रहे थे, तभी राउरकेला की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रेलर ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मौके पर ही उनकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, अमरेश महांती सड़क के दूसरी ओर एक वाहन की जांच करने जा रहे थे। इसी बीच 10 नंबर राज्य राजमार्ग पर चल रहे मरम्मत कार्य के कारण बाईं लेन को बंद कर दिया गया था और सभी वाहन दाईं ओर से गुजर रहे थे। इसी बदलाव के कारण वाहन तेज गति से उसी दिशा में चल रहे थे। जैसे ही महांती सड़क पार कर रहे थे, राउरकेला से सुंदरगढ़ की ओर आ रहे ट्रेलर ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। घटना से परिवहन विभाग और स्थानीय प्रशासन में शोक की लहर है। पुलिस ट्रेलर को जब्त कर मामले की सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

### जनहानि मामले में 4 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। जशपुर तहसील अंतर्गत ग्राम किनकेल निवासी स्व.समीर राम का तालाब के पानी में डूबने से 31 मई 2024 मृत्यु हो गई।

# जल संरक्षण में राष्ट्रीय अवॉर्ड, जिले ने देश में हासिल किया दूसरा स्थान, राष्ट्रपति ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



जल संरक्षण एवं सामुदायिक भागीदारी के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलधियां हासिल कर छत्तीसगढ़ के 12 जिलों ने राष्ट्रीय स्तर पर नया इतिहास रचा है। इनमें रायगढ़ जिला भी शामिल है। जिन्होंने जल संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्टता का नया मानक स्थापित करते हुए देशभर में केटेगरी.3 में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर विज्ञान भवन नई दिल्ली में छठवें राष्ट्रीय जल पुरुस्कार एवं जल संचय जन भागीदारी 1.0 अवार्ड समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने रायगढ़ जिले को सम्मानित किया। यह पुरस्कार केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल के हाथों जिला प्रशासन को सौंपा गया।

जिले की ओर से यह सम्मान जिले में जल संरक्षण को गति देने के लिए किए गए सतत प्रयासए तकनीकी नवाचार और जनभागीदारी आधारित कार्यों ने रायगढ़ को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई है। जल संरक्षण के क्षेत्र में रायगढ़ ने न केवल अपनी कार्य क्षमता सिद्ध की हैए बल्कि पूरे देश के लिए प्रेरणादायी मॉडल प्रस्तुत किया है। उन्होंने आगे भी इसी ऊर्जा और समर्पण से कार्य जारी रखने के लिए टीम को प्रोत्साहित किया। विज्ञान भवन नई दिल्ली में छठवें राष्ट्रीय जल पुरुस्कार एवं जल संचय जन भागीदारी 1п0 अवार्ड समारोह में यह पुरस्कार जिला प्रशासन की ओर से जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिजीत बबन पठारे ने प्राप्त किया। जिले में जल संरक्षण हेतु किए गए संगठित एवं बहुआयामी प्रयासों ने न केवल भू.जल स्तर बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, बल्कि पारंपरिक एवं नए जल स्त्रोतों के संरक्षण को भी नई दिशा दी है। जिले में 2000 से अधिक तालाबों का गहरीकरण एवं मरम्मत, 102 अमृत सरोवरों का निर्माण, चेकडैम, स्टॉपडैम, पर्कुलेशन टैंक तथा अन्य जल संरचनाओं का विस्तार.इन सभी कार्यों ने वर्षा जल के प्रभावी संचयन और पुनर्भरण क्षमता को उल्लेखनीय रूप से बढ़ाया है। पहाड़ी तथा मैदानी क्षेत्रों में वैज्ञानिक योजना पर आधारित जल रोकथाम कार्यों के परिणाम स्वरूप कई स्थानों पर सूख चुके जल स्त्रोत पुनर्जीवित हुए हैं तथा अधिकांश क्षेत्रों में जल स्तर में सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई है। इससे खेती.किसानी की सिंचाई क्षमता भी सुदृढ़ हुई है। मनरेगा एवं विभिन्न विभागों के समन्वित सहयोग से जल संरक्षण को एक योजनाबद्ध रूप दिया गया। मैदानी क्षेत्रों में तालाब, डबरियां, कुएँ, पर्कुलेशन टैंक तथा खेत.तालाबों का निर्माण और गहरीकरण कर जल संचयन को व्यापक रूप से प्रोत्साहित किया गया। लगभग 14.000 सोख्ता गड्ढों का निर्माण कर भू.जल पुनर्भरण को सशक्त बनाया गया। मनरेगा एवं अन्य योजनाओं के माध्यम से 2,000 से अधिक तालाबों का खुदाई एवं गहरीकरण और लगभग 1,500 डबरियों के निर्माण ने जल संग्रहण क्षमता को कई गुना बढ़ा दिया। केंद्र सरकार द्वारा प्रारंभ किए गए जल संचय जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत जिले में वर्षा जल एवं घरेलू जल के संरक्षण से जुड़े लगभग 20,000 कार्य पूर्ण किए गएए जिससे जल संरक्षण को एक सामुदायिक एवं जन.सहभागिता आधारित स्वरूप मिला। देश को चार जोन में विभाजित कर जल शक्ति विभाग की टीम ने रायगढ़ जिले का निरीक्षण किया और 60 प्रतिशत कार्यों के परीक्षण के उपरांत संतोष व्यक्त किया। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर जिले को कैटेगरी.3 में राष्ट्रीय स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। जिले की इस उपलब्धि को सम्मानित करते हुए केंद्र सरकार ने 25 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान करने की घोषणा की। इन सभी प्रयासों ने जल संरक्षण आंदोलन को गति प्रदान की है और जिले को सतत जल प्रबंधन के क्षेत्र में एक प्रेरक मॉडल के रूप में स्थापित किया है।

### रायगढ़ बना जल संरक्षण का रोल मॉडल

स्थानीय जनभागीदारी, प्रशासनिक दक्षता और प्रभावी जल प्रबंधन के कारण रायगढ़ आज देश के लिए एक सफल मॉडल बनकर उभरा है। यह उपलब्धि केवल एक पुरस्कार नहीं, बल्कि जल.संरक्षण के प्रति जिले की प्रतिबद्धताए जागरूकता और सामूहिक प्रयासों की पहचान है। रायगढ़ का यह सम्मान आने वाली पीढ़ियों के लिए जल सुरक्षा की दिशा में मजबूत कदम और विकास की नई दिशा का प्रतीक है।

कृषि और बहुफसली खेती का उत्कृष्ट मॉडल प्रस्तुत करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान बनाई

# रायगढ़ की महिला किसान गायत्री पैंकरा को मिला फसल विविधीकरण चैम्पियन अवॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

लैलूंगा विकासखण्ड के ग्राम गमेकेला की प्रगतिशील महिला किसान श्रीमती गायत्री पैंकरा ने टिकाऊ कृषि और बहुफसली खेती का उत्कृष्ट मॉडल प्रस्तुत करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। इसी उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए उन्हें वर्ष 2025 का फसल विविधीकरण चैम्पियन अवॉर्ड प्रदान किया गया। यह सम्मान ग्रामीण विकास कृषि एवं कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दिल्ली में आयोजित विशेष कार्यक्रम में प्रदान किया।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की दूरदर्शी नीति तथा प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी की पहल पर किसानों की आर्थिक तरक्की और उन्नति के लिए लगातार कार्य किए जा रहे है। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार एवं जिला पंचायत सीईओ अभिजीत बबन पठारे के मार्गदर्शन में गायत्री पैंकरा का विशिष्ट कृषि मॉडल उनके 3 एकड़ के आम बागान को केंद्र में रखते हुए विकसित किया गया है, जिसमें एकीकृत खेती, मिट्टी संरक्षण तकनीक, जैविक उर्वरक उपयोग और फसल विविधीकरण के वैज्ञानिक तरीकों का प्रभावी समावेश है। इस अभिनव मॉडल ने उन्हें न केवल जिले में बल्कि प्रदेश और



राष्ट्रीय स्तर पर भी विशिष्ट पहचान दिलाई है। गायत्री पैंकरा सीएलएफ नारी शक्ति महिला उपसंघ मुकडेगा के अंतर्गत स्व.सहायता समूह से जुड़ीं और बिहान योजना के वित्तीय सहयोग एवं कृषि प्रशिक्षणों का लाभ उठाकर उन्नत कृषि की दिशा में निरंतर आगे बढ़ती रहीं। पौधरोपण, भूमि सुधार, मिट्टी संरक्षण और जैविक तरीके से फसल विविधीकरण जैसे कार्य उन्होंने सफलता के साथ पूरे किए जिससे उनकी उत्पादन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। उन्होंने खरीफ, रबी और जायद.तीनों मौसमों में विविध फसलें उगाकर लगभग 3.4 लाख रुपये वार्षिक आय अर्जित की। खरीफ मौसम में धान, मूंगफली, उड़द में 2.15 लाख रुपए रबी मौसम में आलू, मटर, फूलगोभी, पत्तेदार सब्जियां में 75,000 रुपए और जायद मौसम में लोबिया, भिंडी, उड़द में 50 हजार रुपए प्राप्त की। गायत्री पैंकरा ने बिहान योजना के साथ.साथ नाबार्ड, उद्यानिकी विभाग और मनरेगा के सहयोग से विकसित बाड़ी मॉडल ने उनके टिकाऊ कृषि मॉडल को और मजबूती दी है। वह अब जिलेभर में महिलाओं और किसानों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बन चुकी हैं। उन्होंने अपने अनुभवों और प्रशिक्षणों का उपयोग करते हुए न केवल अपनी खेती को उन्नत बनाया, बल्कि आसपास के किसानों को भी वैज्ञानिक खेती, फसल विविधिकरण और टिकाऊ कृषि मॉडल अपनाने के लिए प्रेरित कर रही हैं।

# शादियों का सीजन शुरू, सड़कों से लेकर मैरिज हॉल में देर रात तक बज रहे कानफोड़ू डीजे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शादियों के सीजन शुरू होते ही शहर के कई इलाकों में रातभर डीजे बजाया जा रहा है। शहर में ध्वनि प्रदूषण को लेकर कोई रोकटोक ही नहीं है। शहर के मध्य से लेकर सकरी गलियों तक में 60 से अधिक ड़ेसीबल में कानफोड़ ध्वनि से लोग परेशान है। शादी, पार्टी में जुलूस,बारात में बड़े स्पीकर से बीमार,बच्चे, बुजुर्गों की तकलीफ बढ़ती है।

हाईकोर्ट के द्वारा इन कानफोडू एवं तेज आवाज के डीजे पर रोक लगानें के उद्देश्य से पहले ही निर्देश जारी किये जा चुके है। हाईकोर्ट के निर्देशानुसार सुबह 65 और रात में 60 डेसीबल से अधिक की आवाज में ड़ीजे नहीं बजाया जा सकता है,बजाए जाने पर संचालकों पर कार्यवाही के निर्देश दिये गए हैं। गौरतलब है कि उत्सव मनानें के लिए बैंड़ के साथ ही डीजे का चलन बढ़ गया है। डीजे बजानें का समय तय है लेकिन इसका पालन कहीं नहीं किया जा रहा है। मैरिज गार्डन से लेकर विवाह घरों तक में देर रात तक कानफोड़ू डीजे बजाया जा रहा है। डॉक्टरों के अनुसार डीजे की ध्वनि 200 डेसीबल से अधिक होती है।पास से गुजरने से कान के पर्दे फट सकते हैं। चक्कर आना, कान सुन्न होना,यहां तक की कान तक की नसें तक फट सकती है।त्योहारी सीजन में 4 से अधिक मामले हर बार सामनें आते हैं।

### परीक्षाएं सर पर छात्र हो रहे परेशान

सीबीएसई एवं आईसीएसी बोर्ड की परीक्षाएं भी अब सर पर हैं। ऐसे में देर रात तक तेज आवाज में गाने एवं डीजे बजनें के कारण छात्रों को काफी ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शहर के कई गली मोहल्लों में रात 10 बजे के बाद भी डीजे बजते रहते हैं।

# डेढ़ किलो गांजा सहित चंदन कालिंदी गिरफ्तार



**राउरकेला।** झिरपानी थाना पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ की गई कार्रवाई में एक तस्कर को गिरफ्तार कर 1.384 किलो अवैध गांजा बरामद किया है। यह कार्रवाई 18 नवंबर को सुबह गश्ती और वाहन जांच के दौरान की गई। पुलिस ने चंदन कालिंदी (41), पिता कार्तिक कालिंदी, निवास शाक्तिनगर, सेक्टर-3, वर्तमान पता जेबी 223 जगदा, राउरकेला को केलनागर की ओर से पैदल गांजा लेकर झिरपानी की ओर जाते हुए पकड़ा। सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एस आई शेख अजहारुद्दीन और टीम ने मौके पर आरोपी को हिरासत में लिया। जब्त सामग्री 1.384 किलो गांजा टिन्सल बैग सहित मोबाईल फोन, नकद 1010 विभिन्न मूल्य के नोट जांच में सामने आया कि चंदन कालिंदी यह गांजा बेचने के इरादे से ले जा रहा था, जो कथित रूप से आम लोगों के साथ स्कूल–कॉलेज के छात्रों तक पहुँचाया जाता था। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी)(ii)(बी) के तहत केस दर्ज किया गया है। आरोपी की आपराधिक पृष्ठभूमि की जांच जारी है।

# कांस्य नगरी पुसौर अब कागजों में ही सिमट गया




**पुसौर।** साल 1980 के दशक तक आसपास और इसके पूर्व व बाद भी कक्षा तीसरी से लेकर आठवीं तक भूगोल के पुस्तक में पुसौर की प्रसिद्धि कांस पीतल के बर्तन सहित अन्य कलाकृति निर्माण का उल्लेख हुआ करता था। वहीं शासन-प्रशासन के लोग भी इस कला को आगे बढाने कई तरह के प्रयास किए जाने की बात भी कही जाती है।

कुछ साल पहले पुसौर के प्रत्येक वार्ड में कांस पीतल के बर्तन सहित गिनी, मजीरा, दिया, कलश आदि निर्माण होने की पुष्टि हुई है जो कुछ साल चलने के बाद धीरे धीरे कम होते हुए अब पूर्ण रूप से यह कलाकारी कार्य बंद हो चुका है। अब केवल कागजों में सिमट कर रह गया है। ज्ञात हो कि पुसौर से 10 किमी दूर एकताल के झारा जाति लोगो के मूर्तिकला को आगे बढाने शासन द्वारा प्रत्येक स्तर में प्रयास किया गया है। जिसमें इनके लिए बाजार तलाशते हुए उन्हें आर्थिक रूप से भी सहयोग प्रदाय किया गया है । हर साल इनके लिए शासन द्वारा कुछ न कुछ ऐसे गतिविधियां की जाती है जिससे कि झारा जाति के लोग आत्मनिर्भर हो और उनका जीवन स्तर सुधर सके। इसी कड़ी में पुसौर के कसेर समाज के लोगों द्वारा किए गए मांग पर लगभग 25 वर्ष पूर्व वृहद कंसेरा भवन भी निर्माण किया गया है ताकि वहां लोग अपना अपना बर्तन निर्माण कर सके। जानकारी के मुताबिक कांस पीतल के बर्तन का उपयोग नहीं होने के साथ ही महंगा होने के कारण कसेर समाज के लोगों द्वारा बर्तन निर्माण सहित अन्य सामानों का निर्माण नहीं कर रहे हैं। बताया जाता है कि मशीनों के कारण यह बंद के कगार पर पहुंच चुका है। झारा समुदाय के लोगों के उत्थान के लिए जिस तरह शासन द्वारा साधन सुविधा जुटाए जा रहे हैं । इसी तरह यदि कसेर समाज को भी मिले तो पुनः कांस्य नगरी पुसौर प्रतिजीवित हो सकता है ऐसा लोगों का मानना है।

# गैस सिलेंडर चोरी मामले का खुलासा सेक्टर-17 से तीन आरोपी गिरफ्तार



**राउरकेला।** सेक्टर-15 थाना पुलिस ने गैस सिलेंडर चोरी की घटना का सफलतापूर्वक पर्दाफाश करते हुए तीन चोरों को गिरफ्तार किया है। मामला सेक्टर-15 थाना केस नंबर 165, से संबंधित है, जिसमें आरोपियों पर अब धारा 331(4)/305(ए)/111(2)(बी)/3(5) बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शिकायतकर्ता पी. भक्त वल्सालन नायर (62) ने 17 नवंबर को थाना पहुंचकर लिखित रिपोर्ट दी थी कि सेक्टर-14 स्थित गजलक्ष्मी मार्केट में उनकी टिफ़िन दुकान का ताला रात में तोड़कर अज्ञात चोर 4 गैस सिलेंडर चुरा ले गए थे। घटना 25 अक्टूबर की रात दुकान बंद करने के बाद हुई, जिसकी जानकारी अगले दिन सुबह मिली। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों शिवदास हरिपाल उर्फ दुल्लू उम्र 19, आकाश हरिपाल उर्फ गुल्टी उम्र 30, राकेश दास उर्फ कुनू उम्र 30 को पकड़ लिया। जांच में सामने आया कि आकाश हरिपाल के खिलाफ पहले से ही सेक्टर-15, सेक्टर-07, सेक्टर-03, प्लांटसाइट तथा झिरपानी थानों में चोरी, लूट, मारपीट और हत्या समेत कई गंभीर मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार आरोपियों के पास से 6 गैस सिलेंडर, एक आयरन कटर और 400 रुपए नकद बरामद किए गए हैं।

खाद्य उद्यमिता को सशक्त बनाने के लिए निफ्टेम टीम जिले के दौरे पर

# खाद्य प्रसंस्करण तकनीक का प्रसार कर खाद्य उद्यमियों के विकास को देंगे बढ़ावा

**जशपुरनगर।** हरियाणा के कुंडली स्थित राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमिता एवं प्रबंधन संस्थान के 18 छात्रों और दो संकाय सदस्यों का एक समूह ग्राम अंगीकरण कार्यक्रम के अंतर्गत जशपुर में तीसरे दौरे पर है। उनका लक्ष्य खाद्य प्रसंस्करण तकनीकों का प्रसार करना, खाद्य क्षेत्र में उद्यमिता के अवसरों की पहचान करना और जशपुर जिले में खाद्य उद्यमियों के विकास को बढ़ावा देना है।

टीम ने आज कलेक्टर रोहित व्यास और मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री अभिषेक कुमार से मुलाकात कर जशपुर में अपने ग्राम अंगीकरण कार्यक्रम के अगले नौ दिनों के कार्यकाल के लिए नियोजित विभिन्न गतिविधियों पर चर्चा की। कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ ने जिले में खाद्य प्रसंस्करण सुविधाओं और उनकी क्षमता निर्माण पहलों को बढ़ाने में निफ्टम द्वारा प्रदान की गई तकनीकी सहायता की सराहना की। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों, किसान उत्पादक कंपनियों, शिक्षित युवाओं और मोटा अनाज, महुआ और



बागवानी उत्पादों के प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन में पहले से लगे लोगों के ऊर्जावान और उत्साही सदस्यों को इसमें शामिल करने का सुझाव दिया। जशपुर में शासकीय सुविधाओं का उपयोग करके इन फसलों के मूल्य संवर्धन पर व्यावहारिक सत्र आयोजित किए जाएंगे। निफ्टम, कुंडली के प्रोफेसर प्रसन्न कुमार जीवी के नेतृत्व में टीम जशपुर और कुनकुरी ब्लॉकों में क्षमता निर्माण गतिविधियाँ शुरू करने के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में खाद्य प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन के अवसरों की भी खोज करने की योजना बना रही है। वे विभिन्न मूल्यवर्धित मोटा अनाज उत्पादों, जैसे नान खटाई, मफिन, डोनट्स और न्यूट्रिशन बार के उत्पादन पर केंद्रित पाँच व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करेंगे। प्रशिक्षण में पैकेजिंग, लेबलिंग, लाइसेंसिंग और नियामक आवश्यकताओं को भी शामिल किया जाएगा। इसके अतिरिक्त बाजारों के लिए ब्रांडिंग और मार्केटिंग पर विचार साझा करेंगी, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि लाभार्थियों को मूल्यवर्धित बाजरा उत्पादों से जुड़े आपूर्ति श्रृंखला पहलुओं की व्यापक समझ प्राप्त हो। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के लिए प्रशिक्षण गतिविधियां कल से शुरू होंगी, जिसके बाद जशपुर और कुनकुरी स्थित कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र में एफपीसी सदस्यों और कॉलेज के छात्रों के लिए सत्र आयोजित किए जाएंगे। टीम को जशपुर में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के मिशन प्रबंधक विजय शरण प्रसाद और जय जंगल किसान उत्पादक कंपनी के निदेशक श्री समर्थ जैन का सहयोग प्राप्त है। वीएपी, निफ्टेम का प्रमुख कार्यक्रम है और इस पहल को निफ्टेम के निदेशक डॉ. हरिंदर सिंह ओबेरॉय द्वारा सक्रिय रूप से प्रोत्साहित और निर्देशित किया जा रहा है।

# माल गोदाम बस्ती में जीएसटी इंटेलिजेंस की दबिश

### फास्ट फूड विक्रेता के घर चार घंटे की जांच

**राउरकेला।** शहर की घनी आबादी वाली मालगोदाम बस्ती में सोमवार दोपहर जीएसटी के खुफिया विभाग डीजीजी आई की टीम की अचानक दस्तक से पूरे इलाके में हलचल मच गई। रेलवे साइडिंग व संजय टी स्टाल के पास रहने वाले फास्ट फूड ऑन व्हील्स संचालक मनु कुमार के घर टीम ने करीब चार घंटे तक तलाशी अभियान चलाया।

जांच के दौरान पता चला कि टीम का लक्ष्य मनु नहीं, उसका भाई सनु उर्फ सुनील कुमार है, जो फिलहाल मालगोदाम क्षेत्र में नहीं रहता। इसके बाद अधिकारियों ने मनु को पूछताछ के लिए अपने साथ ले लिया, जिससे मोहल्ले में तरह.तरह की चर्चाए शुरू हो गईं। टीम ने मनु को साथ लेकर करीब दो घंटे तक सनु के संभावित ठिकानों पर छापेमारी कीए लेकिन वह हाथ नहीं आया। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार सनु पर करोड़ों रुपये के जी एस टी फ्रॉड का संदेह है और वह विभाग के रडार पर है। काफी प्रयासों के बाद भी सनु का सुराग न मिलने पर टीम ने मनु को आवश्यक चेतावनी देकर व सहयोग का आश्वासन लेने के बाद सुरक्षित घर पहुँचा दिया। मालगोदाम में जीएसटी इंटेलिजेंस के दर्जन भर सदस्यों की छापेमारी पूरे क्षेत्र में चर्चा का मुख्य विषय बनी हुई है। विभाग सनु के सामने आने के बाद ही मामले का पूरा सच उजागर होने की बात कह रहा है।



# पाकिस्तान के मंसूबों को नाकाम करने निकले रणवीर, माधवन ने बनाई रणनीति

**नई दिल्ली।** रणवीर सिंह की आगामी फिल्म 'धुरंधर' का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज हो गया है। इसमें रणवीर के अलावा अक्षय खन्ना, आर माधवन, संजय दत्त और अर्जुन रामपाल जैसे धुरंधर भी अहम भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म 05 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। ट्रेलर के शुरुआती दृश्य में अर्जुन रामपाल नजर आते हैं। संवाद सुनाई देते हैं, '1971 की जंग के बाद पाकिस्तान में बड़ा उदास सा माहौल था। ट्रेलर में फिर एंट्री होती है रणवीर सिंह और आर.माधवन की, जो पाकिस्तान के मंसूबों को नाकाम करने की रणनीति बनाते हैं। वहां से आतंकवाद का खात्मा करने की बात करते हैं। रणवीर मिशन पर निकले हैं। माधवन उनसे कहते हैं, 'सर, मुंह तोड़ने के लिए मुट्ठी बंद करना जरूरी है। वह भारत के खिलाफ अगर नींद में भी सोचे तो उसके ख्वाब में भी हम भारत में बैठे नजर आने चाहिए'।

## लाइफ Style



# सारा
# देइवा थिरुमगल ने दिलाई पहचान

2005 में जन्मी सारा अर्जुन एक्टर राज अर्जुन की बेटी हैं और चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर काम की शुरुआत कर चुकी हैं। वह सिर्फ 1 साल की थीं जब वह अपने माता-पिता के साथ एक मॉल गई थीं। एक ऐड फिल्म मेकर की नजर पड़ी और उन्हें उनका पहला कमर्शियल मिल गया। उन्हें 2011 की तमिल फिल्म देइवा थिरुमगल ने खूब पहचान दिलाई।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली


सारा अर्जुन विक्रम की बेटी का किरदार निभाया था। इन सालों में वह एक थी डायन, सैवम और सांड की आंख में नजर आईं। रणवीर सिंह की मच अवेटेड फिल्म धुरंधर का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। डायरेक्टर आदित्य धर की इस फिल्म ने फाइनली अपनी एक दमदार झलक पेश की और सोशल मीडिया पर सेंसेशन क्रिएट की। सोशल मीडिया पर फिल्म के एक्शन, डायलॉग से लेकर लुक्स तक की चर्चा हो रही है। इस बीच रणवीर सिंह और सारा अर्जुन की जोड़ी की भी बातें हैं। सारा जो कि 20 साल की हैं पहली बार बतौर लीड एक्ट्रेस पर्दे पर आ रही हैं और वो भी सीधे रणवीर सिंह के साथ। रणवीर बड़े स्टार होने के साथ साथ उम्र में भी सारा से बड़े हैं। रणवीर से फिल्म के ट्रेलर लॉन्च के मौके पर सारा और अपने एज डिफ्रेंस और उनके साथ काम करने के एक्सपीरियंस को लेकर बात की। ट्रेलर लॉन्च पर रणवीर ने सारा अर्जुन की तारीफ करते हुए कहा, मैं बहुत लकी हूं कि तुम्हारी इस स्पेशल मोमेंट का हिस्सा हूं, सारा अपने काम में बहुत माहिर हैं। आपको धीरे-धीरे पता चल जाएगा। कभी डकोटा फैनिंग हॉलीवुड में आईं। आज सारा इस बात को साबित करती हैं कि इस पोजीशन तक पहुंचने के लिए आपको कई हजार कैंडिडेट्स को पीछे छोड़ना पड़ता है।

## हॉलीवुड मसाला



# टॉम क्रूज ने जीता अपना पहला ऑस्कर

**लॉस एंजिल्स।** मशहूर हॉलीवुड एक्टर टॉम क्रूज को 'गवर्नर्स अवार्ड्स' में अपना पहला ऑस्कर मिला। 16 नवंबर को हॉलीवुड के रे डॉल्बी बॉलरूम में कोरियोग्राफर और एक्टर डेबी एलन और प्रोडक्शन डिजाइनर व्यान थॉमस को भी इस स्टार-स्टडेड समारोह में सम्मानित किया गया। एक्टर को मिशन इम्पॉसिबल सीरीज और टॉप गन फ्रेंचाइजी जैसी बड़ी फिल्मों में शानदार अभिनय के लिए जाना जाता है। एक्टर को वो अवॉर्ड फिल्म निर्माता एलेजांद्रो जी. इनारिटु ने दिया अवॉर्ड लेते वक्त 63 वर्ष के एक्टर टॉम क्रूज ने उन सभी लोगों का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने फिल्मों को संभव बनाया। एक्टर ने अपने भाषण में कहा, 'सिनेमा मुझे दुनिया भर में ले जाता है।





# अकादमी अवॉर्ड्स के लिए जा रही 'ह्यूमन्स इन द लूप'

**लॉस एंजिल्स।** 'ह्यूमन्स इन द लूप' झारखंड की रहनेवाली एक आदिवासी महिला नेहमा की कहानी है। उसके ढुकू विवाह और एआई के युग में उसकी परेशानियों को लेकर है। अरण्य सहाय के डायरेक्शन में बनी फीचर फिल्म 'ह्यूमन्स इन द लूप' को आईएमडीबी पर 7.5 रेटिंग मिली है। इसे फिल्म इंडिपेंडेंट स्लोन डिस्ट्रीब्यूशन ग्रांट से सम्मानित किया गया है, क्योंकि यह फिल्म अकादमी अवॉर्ड्स के लिए जा रही है। फिल्म इंडिपेंडेंट और अल्फ्रेड पी. स्लोन फाउंडेशन द्वारा दिया जाने वाला स्लोन डिस्ट्रीब्यूशन ग्रांट, उन फिल्मों को मिलता है, जो विज्ञान या टेक्नोलॉजी के विषयों या किरदारों से जुड़ी होती हैं। अमेरिका में सिनेमाघरों में रिलीज होने और दूसरे अन्य मानदंडों को पूरा करने के बाद, यह फिल्म आधिकारिक तौर पर 98वें ऑस्कर अवॉर्ड के लिए जा रही है, जहां यह बेस्ट ऑरिजनल स्क्रीनप्ले कैटेगरी में टक्कर देगी।



# बड़े मियां छोटे मियां ने फ्लॉन्ट किए सिक्स-पैक एब्स

**मुंबई।** बॉलीवुड की सुपरफिट जोड़ी अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ ने एक बार फिर सोशल मीडिया पर धमाल मचा दिया है। दोनों मुंबई के जुहू बीच पर शर्टलेस नजर आए। दोनों समंदर में जमकर मस्ती करते दिखे और अपनी परफेक्ट बॉडी फ्लॉन्ट की। उनका यह वीडियो सोशल मीडिया हैंडल पर फैंस के बीच जमकर वायरल हो रहा है। अक्षय कुमार ने मंगलवार को इंस्टाग्राम पर अपना एक वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में अक्षय के साथ एक्टर टाइगर श्रॉफ भी शर्टलेस नजर आ रहे हैं। इस वीडियो में अक्षय और टाइगर के अलावा कई लोग समंदर में वॉक करते दिख रहे हैं। इस वीडियो के साथ अक्षय ने मजेदार कैप्शन लिखा 'ओशन्स 9 जुहू बीच एडिशन'। इस वीडियो में दोनों की परफेक्ट सिक्स-पैक एब्स देखकर फैंस हैरान रह गए हैं। 58 साल की उम्र में अक्षय कुमार की शानदार फिटनेस देखकर फैंस खुद को कमेंट्स करने से रोक नहीं पाए।



# एनबीके 111 से सामने आया नयनतारा का शाही लुक

**मुंबई।** साउथ लेडी सुपरस्टार नयनतारा अभिनेता नंदमुरी बालकृष्ण की आगामी ऐतिहासिक फिल्म 'एनबीके 111' में नजर आएंगी। फिल्म से नयनतारा का खास लुक शेयर किया गया, जिसमें वह शाही लुक में नजर आईं। कैप्शन में लिखा, 'वह रानी जो महासागरों की शांति और तूफानों के प्रकोप को वहन करती है।' एनबीके 111 का निर्देशन गोपीचंद मालिनेनी कर रहे हैं। यह ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर आधारित फिल्म है। एनबीके111 के अलावा नयनतारा निर्देशक अनिल रविपुडी की आगामी पारिवारिक मनोरंजक फिल्म 'मन शंकर वर प्रसाद गरु' में नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके साथ मेगास्टार चिरंजीवी नजर आएंगी। इन फिल्मों के अलावा नयनतारा साउथ स्टार यश के साथ फिल्म 'टॉक्सिक' में नजर आएंगी।

## टीवी मसाला

# विशाल 25 साल की कोशिश के बाद पहुंचे कौन बनेगा करोड़पति में

**नई दिल्ली।** 'कौन बनेगा करोड़पति सीजन 17' को अमिताभ बच्चन होस्ट कर रहे हैं। बीते एक एपिसोड में जहां 'फैमिली मैन 3' की कास्ट मनोज बाजपेयी, जयदीप अहलावत और शरीब हाश्मी आए थे। वहीं, अब 'इंडियन आइडल' के जज विशाल ददलानी भी बतौर गेस्ट शो में पहुंचे हैं और वहां से फोटो खींचकर इंस्टाग्राम पर शेयर कर जानकारी दी है।



बताया कि उनका 25 साल पुराना सपना सच हो गया। विशाल ददलानी अब अमिताभ बच्चन द्वारा होस्ट किए जाने वाले 'कौन बनेगा करोड़पति 17' की हॉट सीट पर बैठेंगे। विशाल ने सोशल मीडिया पर बताया कि केबीसी में आना उनके लिए एक सपने के सच होने जैसा है। गायक ने उस समय के बारे में याद करते हुए बताया कि कैसे उन्होंने शो में आने के लिए मैसेज भेजे थे। विशाल ने लिखा, 'यह 25 साल पुराना सपना सच हो गया। मैं हमेशा से कौन बनेगा करोड़पति में आना चाहता था। सिंगर ने केबीसी में पहुंचने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा, 'मैं मैसेज भेजता था, टीवी पर फास्टेस्ट फिंगर फर्स्ट गेम खेलता था और पूरी कोशिश करता था। और, फाइनली मैं पहुंच ही गया।' विशाल ने सोनी टीवी को उन्हें हॉट सीट पर भेजने के लिए थैंक यू कहा। साथ ही अमिताभ बच्चन को भी शुक्रिया बोला। जैसे ही विशाल और अमिताभ बच्चन की फोटो सोशल मीडिया पर सामने आई, लोगों के रिएक्शन भी आने शुरू हो गए। फराह खान ने लिखा, 'उम्मीद करती हूं कि तुमने कुछ पैसे भी जीते होगे।' इस पर विशाल ने मजाकिया अंदाज में लिखा, 'मुझे लगता है कि ये पैसे ऐसे उद्देश्य के लिए हैं, जिसे आप एक्सेप्ट करेंगी फरहा।' वहीं, बाकियों ने शुभकामनाएं और बधाई दी। कहा कि दो दिग्गज को एक साथ देखना दिलचस्प होगा।

## अनुपमा में आएगा लीप? एक्ट्रेस बनेगी तोषू-पाखी की मां

नई दिल्ली। टीवी सीरियल अनुपमा का नया प्रोमो वीडियो मेकर्स ने जारी कर दिया है। अनुपमा को उसके डांस ने मुंबई में कामयाबी दिलाई और उसकी कुकिंग ने विदेश में सक्सेस दिलवाई, लेकिन अब बारी आई है



उसके एक और टैलेंट को दुनिया के सामने आने की। टीआरपी टॉपर सीरियल ने फिर एक बार रफ्तार पकड़ी है और अनुपमा अपनी पोतियों को लेकर मुंबई आ चुकी है। लेकिन, नया प्रोमो वीडियो हिंट दे रहा है कि अनुपमा अब एक्ट्रेस बनने की तरफ बढ़ेगी। नए प्रोमो वीडियो में दिखाया गया है कि अनुपमा फिल्म सिटी में शूटिंग देखने जाएगी और यहां पर एक डायरेक्टर उससे कहेगा, 'अब से यही आपकी नई दुनिया है अनुपमा जी।' माना जा रहा है कि अनुपमा को उसका डांस कामयाबी दिलाएगा और एक्टिंग के मामले में भी वो झंडे गाढ़ेगी। नए प्रोमो वीडियो के बैकग्राउंड में अनुपमा कहती है, 'यह मुंबई नगरी है। सपनों की नगरी, मेरे सपने पूरे करने का वक्त आ गया है।' प्रोमो के बैकग्राउंड में बताया गया है- फिल्मी दुनिया में अनुपमा का क्या काम? कमेंट सेक्शन में लोगों ने कयास लगाए हैं कि कहानी में आगे उन्हें कौन से ट्विस्ट और टर्न्स देखने को मिल सकते हैं।

# 25 थिएटर में रिलीज और कमाई 3858 करोड़

**नई दिल्ली।** हॉरर फिल्म देखने का अपना अलग मजा है। हॉरर फिल्में सस्पेंस और डर से भरी होती हैं। कुछ हॉरर फिल्में तो ऐसी हैं, जिन्हें अकेले देखने में पसीने छूट जाते हैं। अगर गलती से कोई हॉरर फिल्म रात में देख ली तो वॉशरूम जाना भारी पड़ जाता है और डर के मारे नींद नहीं आती, वो अलग। अब हॉरर फिल्मों में कॉमेडी मसाला एड किया जा रहा है, जिससे फिल्म के हॉरर सीन पर कम और कॉमेडी पर ज्यादा ध्यान जा रहा है। लेकिन, पहले की हॉरर फिल्में सिर्फ और सिर्फ डरावनी हुआ करती थीं। ऐसे में हम आपको बताने जा रहे हैं उस हॉरर फिल्म के बारे में, जिसे आप गलती से भी अकेले में मत देख लेना. क्योंकि यह गूगल पर यह सबसे डरावनी फिल्म है।

### इस फिल्म को देखने के बाद महीनों तक कांपी लोगों की रूह




### दुनिया की सबसे डरावनी फिल्म

*बॉलीवुड में बीते साल स्त्री 2 और मुंज्या जैसी हॉरर कॉमेडी फिल्मों ने एंटरटेन किया था, लेकिन जिस फिल्म के बारे में हम बता रहे हैं वो आज से 51 साल पहले रिलीज हुई थी। इस फिल्म को आज भी दुनिया की सबसे डरावनी फिल्म कहा जाता है। गूगल पर सबसे डरावनी फिल्म सर्च करने पर इस फिल्म का ही नाम आता है। इस फिल्म को एक तरह से शापित भी माना गया है। साल 1973 में रिलीज हुई मोस्ट हॉरर फिल्म का नाम 'द एक्सॉर्सिस्ट' है, जो कई देशों में बैन हुई थी। यह हॉरर फिल्म विलियम पीटर के उपन्यास पर बेस्ड है। कहा जाता है कि इस फिल्म को देखने के बाद कई लोगों को सदमा तक लगा गया था। ऐसे में यह फिल्म आयरलैंड, इंग्लैंड और स्कॉटलैंड में बैन हो गई थी।*

### कहानी में है एक मासूम बच्ची

हॉरर फिल्म 'द एक्सॉर्सिस्ट' की कहानी बेहद खौफनाक है। फिल्म की कहानी में एक मासूम बच्ची है, जिस पर एक बुरी आत्मा कब्जा कर लेती है। इस बच्ची की मां एक एक्ट्रेस हैं, जो अपनी बेटी की अजीबो-गरीब हरकतों से परेशान हो जाती है। एक्ट्रेस मां अपनी बच्ची को पादरी को दिखाती है और बच्ची पर चढ़े भूत का असर खत्म करवाती है। इस फिल्म का एक-एक सीन रुह कंपा देने वाला है।

# अर्पिता ने शेयर कीं सलीम-सलमा की वेडिंग एनिवर्सरी की इनसाइड तस्वीरें

**मुंबई।** सलमान खान के माता-पिता सलीम खान और सलमा खान (सुशीला चरक) की शादी को 61 साल हो गए हैं। बीती रात परिवार में भव्य अंदाज में दोनों की शादी की सालगिरह मनाई गई। इसी दिन घर की छोटी बेटी अर्पिता खान और आयुष शर्मा की भी वेडिंग एनिवर्सरी होती है। फंक्शन में दोनों जोड़े ने अपनी लाइफ का यह खूबसूरत लम्हा सेलिब्रेट किया, जिसमें पूरा खान परिवार शामिल रहा। अर्पिता खान की शादी एक्टर आयुष शर्मा के साथ हुई है। दोनों साल 2014 में शादी के बंधन में बंधे। कल सलीम और सलमा खान की वेडिंग एनिवर्सरी के साथ-साथ अर्पिता और आयुष की एनिवर्सरी भी सेलिब्रेट की गई।



### तस्वीरों में तीन खान ब्रदर्स

फंक्शन में दो केक काटे गए। एक सलीम खान और सलमा ने काटा और दूसरा केक अर्पिता खान व आयुष शर्मा ने काटा। अर्पिता खान ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर वेडिंग एनिवर्सरी की इनसाइड फोटोज शेयर की हैं। तस्वीरों में तीन खान ब्रदर्स- सलमान खान, सोहेल खान, अरबाज खान नजर आ रहे हैं। इसके अलावा सलमान की बहन अलवीरा का परिवार देखा जा सकता है। कुछ करीबी दोस्त और इंडस्ट्री के लोग भी जश्न में शामिल रहे। सोनाक्षी सिन्हा अपने पति जहीर इकबाल के साथ पहुंचीं। फंक्शन में अर्पिता और सोहेल के साथ उन्होंने क्वालिटी टाइम बिताया। सलीम खान और सुशीला चरक की शादी 18 नवंबर 1964 को हुई। वहीं, आयुष शर्मा और अर्पिता खान शर्मा ने 18 नवंबर 2014 को शादी रचाई।

## अच्छे अभिनय और मेहनत से मिलती है कामयाबी

# पहली ही फिल्म से इंडस्ट्री पर छाईं ये अभिनेत्रियां; आज भी दर्शक हैं दीवाने

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बॉलीवुड की कई अभिनेत्रियां ऐसी हैं, जो डेब्यू फिल्म से ही इंडस्ट्री पर छा गईं। इनमें से कई ऐसी एक्ट्रेसेस भी हैं जो फिल्मी दुनिया के बैकग्राउंड से नहीं आती हैं हालांकि उन्होंने अपनी मेहनत के दम पर बॉलीवुड में अपनी जगह बनाई है। इन लोगों ने साबित किया कि अच्छे अभिनय और मेहनत से कामयाबी मिलती है।



### दीपिका

दीपिका पादुकोण ने शाहरुख खान के साथ फिल्म 'ओम शांति ओम' (2007) से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। फिल्म में उनके भाव और अभिनय ने लोगों को अपना दीवाना बना दिया था। फिल्म में वह ग्लैमरस और मासूम दिखीं। इस फिल्म के बाद से उन्होंने बॉलीवुड को कई बेहतरीन फिल्में दीं।

### भूमिका

भूमिका चावला उन अभिनेत्रियों में शामिल हैं जो रातों-रात स्टार बन गईं। वह साल 2003 में फिल्म 'तेरे नाम' में सलमान खान के साथ नजर आई थीं। फिल्म में उनके अभिनय और भाव ने दर्शकों को मदहोश कर दिया। पहली फिल्म से उन्होंने ऐसी छाप छोड़ी कि वह एक अनुभवी अभिनेत्री के तौर पर जानी जाने लगीं।





### प्रीति

1998 में रिलीज हुई फिल्म 'दिल से' से प्रीति जिंटा ने बॉलीवुड में कदम रखा। फिल्म में उनके अभिनय ने दर्शकों का दिल जीत लिया। फिल्म की कहानी के हिसाब से उन्होंने जो अभिनय किया वह अपने आप में मिसाल है। इस फिल्म के बाद प्रीति जिंटा, शाहरुख खान के साथ 'वीर जारा' और 'कल हो ना हो' में नजर आईं।



### अनुष्का

शाहरुख खान की फिल्म 'रब ने बना दी जोड़ी' (2008) से अनुष्का शर्मा ने बॉलीवुड में कदम रखा। इस फिल्म में उन्होंने अपने अभिनय से लोगों को अपना कायल बना लिया। वह किसी भी फिल्मी परिवार से नहीं आती हैं लेकिन बॉलीवुड में उन्होंने अपने अभिनय के बल अपनी जगह बनाई।

### ग्रेसी

आमिर खान की चर्चित फिल्म 'लगान' (2001) से ग्रेसी सिंह ने बॉलीवुड में कदम रखा। फिल्म में उन्होंने बहुत ही सधी हुई अदाकारी की। इसमें उनके पारंपरिक लुक और उनकी मुस्कान की दर्शकों ने खूब तारीफ की। उन्होंने साबित किया कि अच्छी अदाकारी करने वाले को दर्शक पहचान लेते हैं।



## खबर संक्षेप

### वित्त मंत्री ओपी के मदद से चौहान परिवार को राहत



**रायगढ़।** प्रदेश के वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी ने एक बार फिर अपने संवेदनशील और मानवीय नेतृत्व का परिचय दिया है। रायपुर में उपचाररत बोरिदा गाँव के त्रिलोचन चौहान के निधन के बाद उनके परिवार पर लगभग 90 हजार का अस्पताल बिल बकाया था। आर्थिक संकट से जूझ रहे इस पीड़ित परिवार की मदद के लिए स्वयं आगे आते हुए ओपी चौधरी ने पूरा खर्च वहन किया और उन्हें राहत प्रदान की। वित्त मंत्री ने न केवल अस्पताल का बिल चुकाया, बल्कि एंबुलेंस की व्यवस्था करते हुए अंतिम संस्कार से संबंधित संपूर्ण प्रक्रिया भी सुनिश्चित कराई।

### इन्द्रप्रस्थ स्टेडियम में सांसद खेल महोत्सव

**पुसौर।** पुसौर जनपद क्षेत्र के 89 ग्राम पंचायतों को मिलाकर बने 10 जोन में कुछ दिन पहले ग्रामीण स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का आयोजन हुआ था। जहां चयनित खिलाड़ियों का खंड स्तर में प्रतियोगिता होना था। बीते मंगलवार को इंद्रप्रस्थ स्टेडियम में यह आयोजन हुआ। जिसमें नगर पंचायत पुसौर सहित क्षेत्र के 10 जोन के जीते हुए खिलाड़ियों के बीच पुनः आपसी स्पर्धा हुई। जानकारी के मुताबिक इसमें केवल पुरूष वर्ग शामिल रहे और बुधवार को महिलाओं का होगा। इस आयोजन के लिए सीईओ विवेक गोस्वामी ने अपने जनपद के कर्मचारियों के साथ पहले से बैठक कर सभी को अलग-अलग जिम्मेदारी दी है। शिक्षा विभाग के बीईओ और अन्य कर्मचारियों ने भी इस आयोजन में सहभागिता निभाई।

### ग्राम राईतराई में चलित थाना का आयोजन

**पुसौर।** पुसौर थाना क्षेत्र के कुल 120 ग्रामों में सायबर जागरूकता व ठगी से बचने तथा अपराध पर अंकुश लगाने जिला पुलिस प्रशासन के निर्देश पर पुसौर टीआई रामकिकर यादव अपने मातहत लोगों द्वारा लगातार पेट्रोलिंग के साथ साथ चलित थाना आयोजित किया जा रहा है इसी कड़ी में खरसिया विधान सभा क्षेत्र के ग्राम राईतराई जो कि पुसौर थाना क्षेत्र में आता है । वहां चलित थाना का आयोजन बीते मंगलवार को किया गया। इस क्षेत्र में अब तक के घटनाक्रमों में पुसौर पुलिस अपराध के रोकथाम में कामयाब रही है । जिसका कारण सोशल पुलिसिंग, चलित थाना एवं सघन पेट्रोलिंग हैं। थाना प्रभारी एवं टीम द्वारा राईतराई के सामुदायिक भवन प्रांगण में आयोजित चलित थाना में स्थानीय सरपंच सहित अन्य पंचायत पदाधिकारियों के साथ साथ सैकड़ों की संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

## निधन...

### शैलेंद्र पटवा



**सरिया।** युवा पत्रकार शैलेंद्र पटवा का हृदय गति रूकने से राजधानी रायपुर में निधन हो गया। सरिया निवासी राम पटवा लेखक, कवि के इकलौते पुत्र शैलेंद्र पटवा का 42 वर्ष की अल्पायु में निधन होने से पटवा परिवार में दुख की पहाड़ टूट पड़ा है।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**सारंगढ़, जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)**
राजस्व प्रकरण क्रमांक / /अ-2/ 2025-26
ग्राम- देवगांव, प.ह.नं.-03, तहसील बरमकेला
**: ईश्तहार :**

एतद द्वारा सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण (1) तपस्विनी पति सुरेश (2) महेश्वरी पति राजेश जाति कलार निवासी ग्राम देवगांव तहसील बरमकेला जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ (छ.ग.) के द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 के तहत आवेदन पेश किया गया है कि अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ग्राम देवगांव प.ह.नं. 03, रा.नि.मं.- देवगांव तहसील बरमकेला में स्थित खसरा नं 434/6 रकबा 0.150 हे. भूमि को औद्योगिक प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो दिनांक 26/11/2025 तक अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है, नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा।

अतः आज दिनांक-10/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**सारंगढ़**

---

## धान खरीदी की निगरानी, अवैध परिवहन के खिलाफ कार्रवाई का निर्देश

# राजस्व प्रकरणों का ऑनलाइन पंजीयन जरुरी, नहीं तो तहसीदार पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने राजस्व विभागीय समीक्षा बैठक में सभी राजस्व अधिकारियों को स्पष्ट और कठोर निर्देश देते हुए कहा कि जिले में राजस्व कार्यों की पारदर्शिता और दक्षता सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग के प्रत्येक प्रकरण का ई कोर्ट में अनिवार्य रूप से पंजीयन किया जाए। किसी भी कार्यालय में एक भी प्रकरण ऑफलाइन नहीं रहना चाहिए और यदि ऐसा पाया गया तो संबंधित तहसीलदार की जिम्मेदारी तय कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में राजस्व विवाद मुक्त ग्राम विकसित किए जाएं तथा इसे एक मॉडल के रूप में आगे बढ़ाया जाए। उन्होंने अविवादित खाता विभाजन, नामांतरण, सीमांकन, डायवर्सन, त्रुटि सुधार, नजूल प्रकरण और स्वामित्व योजना जैसे लंबित प्रकरणों की समय सीमा में निराकरण को अनिवार्य बताया।

बैठक में उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग के प्रत्येक प्रकरण का ई कोर्ट में अनिवार्य रूप से पंजीयन किया जाए, ताकि प्रकरणों की ऑनलाइन निगरानी और पारदर्शी समाधान सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी कार्यालय में कोई भी प्रकरण ऑफलाइन नहीं रहना चाहिएए यदि ऐसा पाया गया तो संबंधित तहसीलदार की जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में अपर कलेक्टर अपूर्व प्रियेश टोप्पो, रवि राही, डॉ.प्रियंका वर्मा सहित जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार उपस्थित रहे।



बैठक लेते कलेक्टर और उपस्थित राजस्व अधिकारी।

### अपने-अपने क्षेत्र में खरीदी का करें सतत निगरानी

कलेक्टर चतुर्वेदी ने खरीफ विपणन वर्ष 2025.26 में संचालित धान खरीदी कार्यों में राजस्व अधिकारियों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए निर्देश दिए कि सभी अधिकारी अपने.अपने क्षेत्रों के धान उपार्जन केंद्रों की सतत मॉनिटरिंग करें। उन्होंने पड़ोसी राज्यों के मार्गों पर धान के अवैध परिवहन पर कड़ी निगरानी रखने और कोचियों पर सख्ती बरतने को कहा। ग्राम पंचायत स्तर पर संधारित मुसाफिर रजिस्टर को अद्यतन रखने पर भी विशेष जोर दिया गया। उन्होंने कोटवारों के कार्य की मासिक समीक्षा कर उनकी जवाबदेही सुनिश्चित करने को कहा।

### हाथियों की गतिविधियों पर नजर एवं बचाव पर जोर

कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने धरमजयगढ़ क्षेत्र में हाथियों की मूवमेंट पर निरंतर निगरानी रखने और राजस्व एवं वन विभाग के समन्वय से राहत एवं बचाव कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर और आसपास के क्षेत्रों के राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज बड़े एवं छोटे पेड़ों के जंगलों की सर्वे कर वन विभाग को खसरा.वार सूची उपलब्ध कराई जाए। वन विभाग को निर्देशित किया गया कि वह भौतिक सत्यापन कर एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

### 15 दिनों में राजस्व और अदालत प्रकरणों में प्रगति का निर्देश

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने समीक्षा बैठक में नक्शा बटांकन कार्य की विस्तृत समीक्षा करते हुए तहसील कापू, खरसिया, घरघोड़ा, छाल, तमनार, धरमजयगढ़, पुसौर, मुकडेगा, रायगढ़ और लैलूंगा के अधिकारियों को 15 दिनों की समय सीमा में प्रगति लाने का लक्ष्य निर्धारित किया। उन्होंने मिसल से खसरा मिलान की प्रविष्टि में तेजी लाने के निर्देश दिए। अतिरिक्त कलेक्टर न्यायालय एवं राजस्व अनुविभागीय न्यायालयों में लंबित मामलों की समीक्षा कर शीघ्र प्रगति लाने को कहा। भू अर्जन के लंबित प्रकरणों पर भी सख्त रुख अपनाते हुए शीघ्र निष्पादन के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि एग्रीस्टैक पोर्टल में फार्मर रजिस्ट्री का कार्य समय सीमा में पूर्ण किया जाए, ताकि कोई भी किसान शासन की किसी योजना से वंचित न रह जाए। फौती, वारिसान पंजीयन, भुइया पोर्टल में नाम न दिखना, खसरा त्रुटि जैसी समस्याओं का तत्काल समाधान करने को कहा। कलेक्टर ने कहा कि इस कार्य में किसी भी स्तर की ढिलाई को गंभीर लापरवाही माना जाएगा। कलेक्टर ने नक्शा बटांकन, सेवा भूमि, लैंड बैंक, न्यायालयीन प्रकरणों, आधार सीडिंग, मोबाइल नंबर एवं जेंडर प्रविष्टि अद्यतन जैसे महत्वपूर्ण कार्यों की समीक्षा कर कहा कि राजस्व अभिलेखों की शुद्धता शासन की प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि अधिकारी अपने अधीनस्थ कर्मचारियों में कार्यदक्षता बढ़ाएं, उनकी जवाबदेही तय करें तथा जो कर्मचारी बेहतर कार्य कर रहे हों उन्हें सम्मानित कर प्रोत्साहित भी करें।

---

# तीन दिनों में 2698 क्विंटल धान खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

■ डोमनारा खरसिया में 50 कट्टा अवैध धान पकड़ाया

जिले में मंगलवार तक 2698.40 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। प्रत्येक उपार्जन केंद्र में नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं, ताकि अवैध धान की खरीद.बिक्री पर रोक लगाई जा सके और पूरी प्रक्रिया पर कड़ी निगरानी रखी जा सके। इसके साथ ही जिले के विभिन्न स्तर के अधिकारी कर्मचारी मिलकर निरीक्षण दल का गठन कर उपार्जन केंद्रों का औचक निरीक्षण भी कर रहे हैं। इसी दौरान मंडी सचिव एवं मंडी उप निरीक्षक द्वारा निरीक्षण के दौरान खरसिया के ग्राम डोमनारा में भभीक्षण साव पिता सोहराइ साव के प्रतिष्ठान से 50 कट्टा अवैध धान जब्त किया गया है। जिले के अधिकांश उपार्जन केंद्रों में सुबह से ही किसानों की सक्रिय उपस्थिति देखने को मिल रही है। किसानों की सुविधा के लिए सभी केंद्रों में सुव्यवस्थित टोकन सिस्टम, पारदर्शी सत्यापन प्रक्रिया, इलेक्ट्रॉनिक तोल मशीन सहित सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई हैं, ताकि धान खरीदी के दौरान किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो।

## अभिनव स्कूल के छात्रों ने लिया शपथ

**पुसौर।** नशामुक्त भारत अभियान के 5 वर्ष पूरा होने को लेकर शासन द्वारा प्रत्येक स्कूल एवं सरकारी व गैर सरकारी संस्थाओं में शपथ ग्रहण समारोह आयोजन किया जा रहा है। जिसके परिपालन में पुसौर क्षेत्र के कई संस्थानों में नशामुक्त होने को लेकर शपथ लिए गए इसी कड़ी में अभिनव स्कूल पुसौर मे स्कूल प्रमुख अक्षय कुमार सतपथी के मार्गदर्शन में सभी छात्रों व शिक्षकों के उपस्थिति में शपथ कायक्रम हुए। अभिनव स्कूल में छात्रों के प्रार्थना संपन्न होने के बाद स्कूल के वरिष्ठ शिक्षक एवं नगर पंचायत उपाध्यक्ष उमेश साव ने सभी छात्रों व शिक्षकों को नशे के खिलाफ शपथ दिलवाया।

## फिरौती के लिए अपहरण करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** किडपैन कर 17 लाख रुपए की फिरौती मांगने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामला सिटी कोतवाली अंतर्गत ग्राम दर्राभांठा का है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 13 जून 2025 को प्रार्थी बुधराम साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसके पुत्र किशन कुमार साहू को आरोपी के द्वारा किडनैप कर फिरौती में 17 लाख की मांग की जा रही है। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध किया गया। दौरान विवेचना आरोपी अपहृत किशन कुमार को अभय कुमार के कब्जे से बरामद किया गया। जिससे पूछताछ करने पर अपने साथी दीपक रात्रे और आयशा बेगम के साथ मिलकर उक्त घटना करना बताया। जिस पर से अन्य आरोपियो की पता तलाश की जा रही थी। मामले में आयशा बेगम को गिरफ्तार कर न्यायिक पर भेजा जा चुका है।

---

# खरीदी केंद्रों में बोहनी का इंतजार कर्मचारियों की कमी से प्रभावित



**सरसींवा।** बीते 15 नवंबर से धान खरीदी शुरू हो गई है, लेकिन सरसींवा क्षेत्र के 14 खरीदी में से कुछ केंद्रों में ही धान की आवक है। कुछ किसानों का टोकन कटा है तो बाकी स्थानों में अभी तक कंप्यूटर ऑफरेटर के साथ स्टॉप की कमी के कारण खरीदी शुरू नहीं हो पाई है।

सरसीवा जिला सहकारी बैंक के अंतर्गत कुल 14 उपार्जन केंद्र आते हैं जिसमें सरसीवा, पेंड्रावन , बालपुर, जोरापाली, बहनपुरी, गोपालपुर, सेन्दूरस, दुरूग, मनपसार, सोहागपुर, बेलादूल्हा, गाताड़ीह झुमका और मधाईभाटा शामिल है। पुराने उपार्जन केंद्र प्रभारी हड़ताल में चले जाने के कारण सरकार ने नए स्टॉप की व्यवस्था कर दिया गया था, लेकिन कार्य मुक्ति के डर से पुराने स्टॉप भी अब हड़ताल से वापस आकर अपने-अपने उपार्जन केदो में पहुंचने की जानकारी मिली हैं। अभी तक सरसींवा में लगभग 700 बोरी खरीदी की जानकारी मिली है। वही दुर्गा उपार्जन केंद्र में 300 बोरी झुमका उपार्जन केंद्र में 500 बोरी के आसपास के उपार्जन केदो में इसी तरह से कुछ उपार्जन केदो में टोकन कट कर धान खरीदी हुआ है, तो कुछ उपार्जन केदो में अभी तक धान खरीदी शुरू नहीं हुआ है। क्षेत्र के 14 उपार्जन केदो में लगभग आधा दर्जन उपार्जन केदो में खरीदी नहीं हो पाई है क्षेत्र के आनेको उपार्जन केंद्रों में पुरानी बोरी ही पहुंच पाया है नए बोरी नहीं पहुंचने के कारण धान भरने में समस्या हो रही है ।

सरसीव क्षेत्र के अंतर्गत हमारे द्वारा 14 उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी के लिए साफ सफाई के साथ-साथ सारी व्यवस्था पूर्ण कर लिया गया है। जैसे ही धान की आवक शुरू हो जाएगी वैसे ही खरीदी चालू हो जाएगी।
**जेडी पटेल, मैनेजर सहकारी बैंक सरसींवा**

## सरपंच की पहल पर सड़क निर्माण की स्वीकृति

**पुसौर।** पुसौर जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत टपरदा सरपंच दिनेश जांगडे के पहल से अडानी कंपनी द्वारा सीसी रोड निर्माण की स्वीकृति दी गई है, जिसका निर्माण भी चालू हो गया है। जानकारी के मुताविक उक्त रोड निर्माण टपरदा बस्ती के पुरन घर से ट्रांसफार्मर तक लगभग 300 मीटर की स्वीकृति मिली है। जिसमें कंपनी द्वारा उक्त रोड को गुणवत्ता युक्त बनाने 18 लाख रूपए दिया गया है। गांव के सरपंच दिनेश जांगडे सहित अन्य पंचायत पदाधिकारियों द्वारा गुणवत्तायुक्त सड़क निर्माण किया जा रहा है। बस्ती के लोगों के मुताबिक रोड का निर्माण बार बार नहीं हो पाता इसलिए गुणवत्ता युक्त बनाया जाना चाहिए ताकि ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना न पड़े। ज्ञात हो कि उक्त ग्राम में ज्यादातर ट्रेक्टर सहित अन्य भारी वाहन चलते हैं ऐसे में रोड पर दबाब काफी ज्यादा होता है।

# एकलव्य विद्यालय के 18 खिलाड़ियों ने जीता पदक, गांव में विजय रैली

**घरघोड़ा।** घरघोड़ा ब्लॉक के छर्राटंगर स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के खिलाड़ियों ने 4 th ईएमआरएस राष्ट्रीय खेलकूद स्पर्धा में 18 पदक जीतकर कीर्तिमान स्थापित किया है। इस जीत का जश्न गाँव की गलियों में गूँज उठा। इन 18 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के सम्मान में एक विशाल गौरव रैली का आयोजन किया गया। जिसमें सांसद राधेश्याम राठिया परिवार सहित शामिल हुए। सरपंच, बीडीसी, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण भी शामिल हुए।

ओड़िशा में आयोजित इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में ईएमआरएस छर्राटंगर के छात्रों ने 3 स्वर्ण, 6 रजत और 9 कांस्य पदक जीतकर छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया। सांसद राधेश्याम राठिया और ग्रामवासियों की ओर से ढोल-नगाड़ों और फूलों की वर्षा के साथ पदकवीरों का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। सांसद ने इस सफलता को प्रतिभा की जीत बताते हुए कहा कि इन बच्चों ने सिद्ध कर दिया कि आदिवासी छात्र किसी भी क्षेत्र में आज पीछे नहीं हैं। ईएमआरएस के उत्कृष्ट इंफ्रास्ट्रक्चर और हमारे शिक्षकों, विशेषकर शारीरिक शिक्षा शिक्षक अनुराग शर्मा और पीजीटी कंप्यूटर साइंस स्वराज कुमार सिंह की मेहनत रंग लाई है।



### ऐसे मिला पदक

ताइक्वांडो में स्वर्ण कांस्य, स्वर्ण यामिनी राठिया, कामनी राठिया; कांस्य करुणा राठिया, गुंजा सिदार, नताशा राठिया। कुश्ती में कांस्य रजत, कांस्यः रूपाली राठिया; रजतः अंशु भगत, राधिका राठिया। मुक्केबाजी में रजत कांस्य, रजतः नैतिका सिदार, कांस्य माही सिदार, रोशनी सिदार, प्रज्ञा सिदार, अनुप्रिया इक्का। तैराकी कांस्य रजत। कांस्यः किरण अगरिया; रजतः अदिति राठिया। भारोत्तोलन, रजत, आस्था तिर्की, जूडो, रजत, नमो भोई, शतरंज स्वर्णः हेमलता सिदार को मिला है।

---

# उस्मान बने जिला युवा कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष



**रायगढ़।** युवा कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ के नए जिला पदाधिकारियों की घोषणा किया है। इसमें जिले के उस्मान बेग को रायगढ़ ग्रामीण युवा कांग्रेस का कार्यकारी जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। संगठन ने यह नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा, प्रदेश प्रभारी अमित पठानिया और सहप्रभारी मोनिका मंडारे ने यह आदेश जारी किया है। उस्मान ने अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत वर्ष 2008 में एनएसयूआई से की थी और लंबे समय तक रायगढ़ जिला एनएसयूआई जिला अध्यक्ष के रूप में सक्रिय रहे। वे कांग्रेस के छात्र युवा और वरिष्ठ विंग में लगातार सक्रिय रहे हैं और अपनी जुझारू कार्यशैली के लिए पहचाने जाते हैं। उनकी नियुक्ति से जिले भर में युवाओं में उत्साह की लहर दौड़ गई है। उस्मान ने छात्र राजनीति से निकलकर जमीनी स्तर पर मजबूत संगठन खड़ा करने में अहम भूमिका निभाई है। उनके गृहनगर घरघोड़ा में उन्होंने स्थानीय राजनीति में किंगमेकर, की भूमिका निभाते हुए न सिर्फ निर्वाचित पार्षद बने, बल्कि नगर पंचायत के उपाध्यक्ष के तौर पर भी जनता का विश्वास जीता।

# अधिग्रहित भूमि के बजाय अन्य जगह पर नाली निर्माण, एसडीएम से शिकायत

**खरसिया।** नगर पालिका खरसिया के वार्ड क्रमांक 08 और 16 के बाईपास क्रमांक 2 में नाली निर्माण को लेकर विवाद सामने आया है। क्षेत्रवासियों ने आरोप लगाया है कि रायगढ़ चौक से राठौर चौक के मध्य सड़क के दक्षिण हिस्से में बनाई जा रही नाली निर्धारित शासकीय भूमि को छोड़कर निजी भूमिस्वामी के नजदीक बनाई जा रही है, जिससे शासकीय भूमि पर कब्जे का खतरा उत्पन्न हो गया है।

जानकारी के अनुसार वर्ष 2011 में लोक निर्माण विभाग ने बाईपास रोड निर्माण के लिए सड़क के मध्य से 40-40 फीट दोनों ओर भूमि का अधिग्रहण कर प्रभावित भूमिस्वामियों को मुआवजा दिया था। उद्देश्य यह था कि भविष्य में सड़क 80 फीट चौड़ी बनेगी और दोनों ओर नाली का निर्माण भी शासकीय भूमि पर ही होगा। क्षेत्रवासियों का कहना है कि वर्तमान में नगर पालिका द्वारा नाली सड़क के मध्य से महज़ 15 फीट की दूरी पर बनाई जा रही है, जबकि वास्तविक शासकीय भूमि उससे लगभग 25 फीट आगे है जहाँ मुआवजा देकर भूमि अधिग्रहित की गई थी। नाली को गलत स्थान पर बनाकर शासकीय भूमि खाली छोड़ी जा रही हैए जिससे निजी भूमिस्वामी को सीधे लाभ पहुँचने की आशंका जताई जा रही है।स्थानीय नागरिकों ने आरोप लगाया कि यह कुछ जनप्रतिनिधियों द्वारा अपने परिचितों को फायदा पहुँचाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। नागरिकों का यह भी कहना है कि यदि नाली निर्माण इसी स्थान पर होता है तो भविष्य में 80 फीट सड़क निर्माण की योजना प्रभावित होगी तथा अधिग्रहित भूमि पर निजी कब्जे का खतरा बढ़ जाएगा। मामले को गंभीर बताते हुए क्षेत्रवासियों ने एसडीएम खरसिया को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

# तहसीलदार ने किया अवैध रेत परिवहन करते हाइवा जब्त




**बरमकेला।** हाइवा क्रमांक सीजी-13-डी 2151 में वाहन चालक समसाद द्वारा नौघटा सरिया से बिना वैध दस्तावेज के रेत भुक्ता ओड़शिा ले जाते हुए कंचनपुर बैरियर के पास पकड़ा गया है। वाहन मालिक को भुक्ता का बताया जा रहा है। तहसीलदार कोमल प्रसाद साव ने देर शाम करीब 8 बजे अपनी टीम साथ हो रहे अवैध रेत तस्करी को रोकने मे कामयाब रहे।

उक्त हाइवा को जब्त कर अग्रिम कार्रवई के लिए थाना प्रभारी सरिया के सुपुर्द किया गया है। प्रकरण तैयार कर एसडीएम के माध्यम से प्रतिवेदन बना कर माइनिंग शाखा को प्रतिवेदन भेजा जाएगा।
**कोमल प्रसाद साहू, तहसीलदार सरिया**

---

## आश्रम के वार्षिक उत्सव को लेकर समिति की तैयारी

# सरिया में आज से तीन दिवसीय संत समागम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

महिमा धर्म के द्वारा महिमा आश्रम सरिया में तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव भव्य आयोजन गुरुवार से प्रारंभ हो रहा है। इसके लिए पूरी तैयारी कर ली गई है। गुरुवार दोपहर से साधु संतों का आगमन सरिया में होगा और इसी के साथ शाम को बजे भव्य कलश यात्रा के साथ साधु संतों के दर्शन के लिए लोग पहुचेंगे। महिमा आश्रम सरिया की स्थापना 2011 में हुई थी। यह 14 वां वर्ष है।

आश्रम के वार्षिक उत्सव को लेकर समिति के द्वारा पूरी व्यवस्था की गई है। साधु संतों के दर्शन के लिए छत्तीसगढ़ एवं उड़ीसा के विभिन्न क्षेत्रों से लोग बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। 20 से 22 नवंबर तक सरिया में साधु संतों की दर्शन होंगे और उनकी दिव्य प्रवचन से लोग लाभान्वित होंगे। साधु संतों के समागम में इस बार भी सिद्ध बाबा वीरेंद्र दास एवं अन्य साधु संतों का आगमन होगा। साधु संतों के दर्शन के लिए लोग वर्ष भर इंतजार करते हैं। यहां आध्यात्मिक ज्ञान के साथ साथ धुनी यज्ञ में लोग श्रद्धा भक्ति के साथ शामिल होते हैं। और साधु संतों को भोजन करने का सौभाग्य प्राप्त होता है। इस बार भी बड़ी संख्या में लोग साधु संतों के दर्शन के लिए पहुंचने की उम्मीद है। वरिष्ठ साहित्यकार लेखक, कवि एवं महिमा धर्मी त्रिलोचन पटेल, ने बताया कि महिमा धर्म देश विदेश में ख्याति प्राप्त है। भारत के संसद में भी महिमा धर्म के प्रसिद्ध लेखक भीम भोई के लेख अंकित है। तथा महामहिम राष्ट्रपति ने भी अपने शपथ ग्रहण में महिमा धर्म के लेख का वर्णन करते हुए शपथ ग्रहण किया था। सरिया में तीन दिवसीय संत समागम में आध्यात्मिक सम्मेलन भी संपन्न होंगे। इसके लिए साधु संत अपने दिव्य प्रवचन के माध्यम से लोगों को ज्ञान देंगे।




## बच्चों के मॉडल को मिली सराहना

**कटेली।** सारंगढ़ ब्लॉक के शासकीय प्राथमिक शाला दहिदा में पदस्थ शिक्षिका प्रियंका गोस्वामी विगत तीन वर्षों से स्कूल प्रोजेक्ट विज्ञान परियोजना पर कार्य करती आ रहीं हैं। इस प्रोजेक्ट के तहत विद्यार्थियों को दिशा निर्देश देकर कबाड़ से जुगाड़ के माध्यम से बच्चों में वैज्ञानिक सोच का विकास हो रहा है। प्रियंका गोस्वामी के मार्गदर्शन में बच्चों ने शानदार मॉडल बनाया, सोशल मीडिया में तारीफ हुई, यह मॉडल स्मार्ट फॉर्मिंग और सोलर प्लेट की महत्ता को प्रदर्शित करता है। विद्यार्थी कक्षा पाँचवीं की छात्रा हीना आदित्य शासकीय प्राथमिक शाला दहिदा में अध्ययनरत है। सोलर प्लेट का महत्व को यह मॉडल प्रदर्शित करता है सोलर प्लेट लगाने से ऊर्जा की बचत होती है और बिजली बिल कम होते हैं।

